**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 897**
**उत्तर देने की तारीख 04 फरवरी, 2026**

**मनसर गांव में कोई मोबाइल कवरेज न होना**

**897. श्री चंदूभाई छगनभाई शिहोराः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दूरसंचार विभाग के निदेशों के अनुसार मनसर गांव में एक सर्वेक्षण किया गया और यह पाया गया कि उक्त गांव में मोबाइल सिग्नल कवरेज नहीं है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या 4जी कनेक्टिविटी से वंचित गांवों में 4जी कवरेज प्रदान करने के लिए 4जी संतृप्ति परियोजना के अंतर्गत डीबीएन निधि का उपयोग करके मोबाइल टावर लगाए जाने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है;

(ग) क्या मनसर गांव को 4जी संतृप्ति परियोजना के अंतर्गत शामिल करने का कोई प्रस्ताव है और क्या दूरसंचार विभाग/यूएसओएफ से विधिवत अनुमोदन प्राप्त होने के बाद ही संस्थापना कार्य शुरू किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क): विभाग के पास मौजूद भारत के महापंजीयक के डेटा के मुताबिक, 'मनसर' नाम के 9 गांव 6 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के गांवों की सूची में हैं, यानी बिहार-1, गुजरात-2, हिमाचल

प्रदेश-1, जम्मू और कश्मीर-1, महाराष्ट्र-1, और राजस्थान-3. इन सभी 9 गांवों में 4जी मोबाइल कवरेज मौजूद है।

(ख) से (घ) : उपरोक्त (क) के परिप्रेक्ष्य में कोई प्रश्न नहीं उठता।

*****